प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 19.05.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज कोटा में प्रधानमंत्री दिव्याशा केन्द्र का शुभारम्भ किया। इस केन्द्र से दिव्यांगो और वरिष्ठजन को सहायक उपकरण मिलने की प्रक्रिया आसान हो जायेगी। केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के अधीन भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम द्वारा जिले के एमबीएस अस्पताल में ये केन्द्र बनाया गया है। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि इस केन्द्र के बनने से हाडौती क्षेत्र के निवासियों को सुविधा होगी। दिव्याशा केन्द्र पंजीकरण, मेडिकल असेसमेंट और त्वरित वितरण की प्रक्रिया के साथ एक ही दिन में सहायता देने में सक्षम होगा। केंद्र के माध्यम से एडिप और वयोश्री योजना के तहत 30 से अधिक प्रकार के सहायक उपकरण निःशुल्क प्रदान किए जाएंगे।

0000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज अलवर जिले के दौरे पर रहेंगे। श्री शर्मा मोतीडूंगरी में महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। मुख्यमंत्री इसके बाद मोतीडूंगरी से सरस डेयरी तक निकाली जाने वाली तिरंगा यात्रा में भाग लेंगे। बाद में श्री शर्मा सरस डेयरी ग्राउंड पर 23 करोड़ 27 लाख रुपए की लागत से सिलीसेढ़ से अलवर शहर को 35 बोरिंगों के माध्यम से पानी लाने की योजना का उद्घाटन करेंगे। वे अलवर संघ दुग्ध दिवस पर आयोजित किसानों और पशुपालकों के सम्मेलन को भी संबोधित करेंगे।

0000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज राजभवन पहुंचकर राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने राज्यपाल से प्रदेश के सर्वांगीण विकास और उच्च शिक्षा में गुणात्मक सुधार से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

0000

भारतीय सेना के 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता को लेकर प्रदेशभर में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। मुख्यमंत्री आज अलवर के मोतीडूंगरी से सरस डेयरी तक निकाली जाने वाली तिरंगा यात्रा में भाग लेंगे। वहीं जालौर के भीनमाल से आज तिरंगा यात्रा निकाली गई। इसमें जिले के जनप्रतिनिधि, युवा और आम लोग शामिल हुए।

0000

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो ने पृथ्वी अवलोकन उपग्रह ईओएस–09 को उसकी इच्छित कक्षा में स्थापित करने में पीएसएलवी रॉकेट की विफलता की घटना की जांच शुरू कर दी है। इसके लिए समिति गठित की गई है। इसरो के अध्यक्ष वी नारायणन ने कहा कि समिति ने कारण का पता लगाने के लिए कल कई दौर की चर्चा की। श्रीहरिकोटा से कल प्रक्षेपण के कुछ ही मिनटों बाद ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान–पीएसएलवी–सी 61 रॉकेट में खराबी आने के बाद इसरो अपने पृथ्वी अवलोकन उपग्रह को कक्षा में स्थापित करने में विफल रहा था।

0000

प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप लगातार बढता जा रहा है। इसके कारण जनजीवन पर व्यापक असर पड रहा है। मौसम विभाग ने आगामी दिनों के लिए अलर्ट भी जारी किया है। विभाग के अनुसार बीकानेर, जोधपुर और शेखावाटी क्षेत्र में अगले 4–5 दिनों तक हीटवेव का दौर जारी रहने की संभावना है। बीकानेर शहर में कहीं–कहीं ऊष्ण रात्रि रिकॉर्ड होने की आशंका है। वहीं जोधपुर और बीकानेर संभाग के सीमावर्ती क्षेत्रों में आगामी तीन–चार दिन धूलभरी हवायें चलने की संभावना है। उदयपुर, अजमेर और कोटा संभाग के कुछ भागों में आज से 25 मई तक कहीं–कहीं मेघ गर्जन, हल्की बारिश और आंधी चलने के आसार है। इस बीच राज्य के अधिकतर स्थानों पर

तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर बना हुआ है। पिछले 24 घंटों में सबसे ज्यादा 46 दशमलव 2 डिग्री सैल्सियस तापमान श्रीगंगानगर और पिलानी में दर्ज किया गया। हनुमानगढ़ जिले में तेज गर्मी के चलते चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग ने आमजन से विशेष एहतियात बरतने की अपील की है। सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने सभी अस्पतालों और चिकित्सा केन्द्रों में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, आपातकालीन किट, ओआरएस और ड्रिपसेट सहित अन्य आवश्यक दवाइयां रखने के निर्देश दिए है।

0000

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से आरएएस भर्ती 2023 के साक्षात्कार का तीसरा चरण आज से शुरू हो गया है। ये साक्षात्कार 28 मई तक आयोजित किये जायेंगे। आयोग के सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि 972 पदों के लिये हो रहे इन साक्षात्कारों के दो चरण हो चुके है। उन्होंने बताया कि परीक्षा का परिणाम दो जनवरी को जारी कर दिया गया था। जिसमें दो हजार एक सौ अड़सठ अभ्यर्थियों ने सफलता प्राप्त की थी।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 मई को आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 122वीं कड़ी होगी। इसके लिए 23 मई तक श्रोता अपने सुझाव भेज सकते हैं। इन्हें टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 के माध्यम से दिया जा सकता है। वहीं नरेंद्र मोदी एप या माय जीओवी ओपन फोरम के जरिए भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। ये कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित होगा।

00000

विदेश सचिव विक्रम मिसरी आज भारत और पाकिस्तान के संबंध में वर्तमान विदेश नीति विकास पर संसदीय स्थायी समिति को जानकारी देंगे। विदेश सचिव, ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद पाकिस्तान के साथ युद्ध विराम की घोषणा पर भी समिति को जानकारी देंगे।

00000